**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 07 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

==================================================

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, हथकरघा क्षेत्र केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि समावेशी विकास का सशक्त माध्यम है।

2. राष्ट्रपति ने वर्ष 2025 के तीन संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मानेसर में पौधारोपण कर 77वें राज्यस्तरीय वन महोत्सव के दूसरे चरण का शुभारंभ किया ।

4. हरियाणा में पंचायत और सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया।

5. केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने हरियाणा सरकार द्वारा अरावली के संरक्षण और वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

6. डाक विभाग के अम्बाला परिमंडल ने स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग सेवाओं का समय बढ़ाकर सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक किया।

====================================

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हथकरघा क्षेत्र केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम भी है। आज नई दिल्ली में 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से हथकरघा भारत की संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने देश की

समृद्ध विरासत को संरक्षित रखने के साथ-साथ रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कला, संस्कृति और प्रकृति के प्रति प्रेम को भी बढ़ावा दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अनेक उपाय किए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र से 35 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं, जिनमें लगभग 25 लाख महिलाएं हैं।

इस अवसर पर वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार हथकरघा को एक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल वस्त्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अब हथकरघा के सभी उत्पादों पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काम कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2025 के 3 संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार बुनकरों को उनकी उत्कृष्ट शिल्पकला, नवाचार और भारत की हथकरघा परंपरा के संरक्षण में योगदान के लिए प्रदान किए गए।

इस अवसर पर देश की समृद्ध और विविध हथकरघा बुनाई परंपराओं को समर्पित चार स्मारक डाक टिकट भी जारी किए गए।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज मानेसर में पौधरोपण कर 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।

इसके साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में मंत्रियों , सांसदों , विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मानेसर में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मानेसर और गुरुग्राम की पहचान हरियाली, स्वच्छ हवा और प्रकृति से भी बनी रहे यह सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति अपना ऋण चुकाने का  अवसर है।

उन्होंने कहा कि दुनिया आज पर्यावरण संरक्षण की बात कर रही है जबकि भारत में हजारों वर्ष पहले से प्रकृति की पूजा हो रही है। प्रकृति की रक्षा सनातन संस्कृति का मूल संस्कार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सब देशवासियों को **एक पेड़ मां के नाम** लगाने का भावपूर्ण मंत्र दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया है।
उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में पंचायत और सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया है। दुर्लभ तथा संकटग्रस्त वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की योजना भी बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हरियाली बढ़ाने और पौधों की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा रहे 610 वन मित्रों का उल्लेख करते हुए हर नागरिक से अपने-अपने क्षेत्र में स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधा लगाने का आग्रह किया।

-----------------------------------------------------------

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने हरियाणा सरकार द्वारा अरावली के संरक्षण और वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है।

आज मानेसर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विशेष रूप से गुरुग्राम और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाकर उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा वन मंत्री  राव नरबीर सिंह की दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों पहले जिस प्रकार गुरुग्राम की अरावली पर्वतमाला को पुनः हरित बनाने और उसके प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया था, आज वह धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है।

-----------------------------------------------------

हरियाणा के खाद्य एवं पूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज वन महोत्सव के दूसरे चरण में कैथल के सरस्वती संरक्षण आरक्षित क्षेत्र में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पौधारोपण पर लगातार बल दे रहे हैं।

-----------------------------------------------------

डाक विभाग के अम्बाला परिमंडल ने आम जनता की सुविधा के लिए स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग सेवाओं का समय बढ़ा दिया है। अब अम्बाला के सामान्य डाक घर में सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक स्पीड पोस्ट और पार्सल बुक कराए जा सकेंगे।

डाकघर के प्रवर डाकपाल प्रभात गोयल ने बताया कि यह सुविधा ज़िला स्तर के मुख्य डाकघरों में लागू की गई है।

उन्होंने बताया कि डाकघर में पैकिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। निर्धारित शुल्क देकर वहीं पैकिंग कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह सेवा छुट्‌टी के दिनों में भी उपलब्ध रहती है।

--------------------------------------

हरियाणा के अन्य कई ज़िलों से भी पौधारोपण के समाचार मिले हैं। 77वें वन महोत्सव के दूसरे चरण के तहत फरीदाबाद के डबुआ कॉलोनी स्थित श्रमिक कल्याण अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधारोपण आयोजित किया गया।

समारोह में विधायक पंडित मूलचंद शर्मा और विधायक सतीश फागना ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रोहतक के मायना गांव के पास आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पौधारोपण किया। इस दौरान डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लोगों से पौधरोपण करने और कागज का इस्तेमाल कम करने की अपील की।

=====================================